पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या–UAHIN/25/A3123
www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 253 हल्द्वानी | शनिवार, 18 अप्रैल 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## एक नजर

### एसओजी में बड़ा फेरबदल: पांच के तबादले

**देहरादून/नैनीताल।** पुलिस महकमे में एक अहम प्रशासनिक बदलाव के तहत नैनीताल जिले की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में तैनात पांच पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया गया है। यह आदेश पुलिस मुख्यालय, देहरादून से जारी किया गया। जानकारी के अनुसार, दो हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया गया है। पांचों कर्मियों को कुमाऊं मंडल से गढ़वाल मंडल भेजा गया है। यह तबादले पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर किए गए हैं, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली में संतुलन और दक्षता बनाए रखने का प्रयास माना जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने जारी किए आदेश तबादला आदेश अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) पूर्णिमा गर्ग द्वारा जारी किए गए। आदेश मिलते ही संबंधित पुलिसकर्मियों को नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरागढ़।** जिले में एक गंभीर आपराधिक प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग के शोषण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल 2026 को थाना मुनस्यारी में एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसकी नाबालिग भतीजी गर्भवती है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की। जांच में आरोपी प्रकाश सिंह नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ पुणे ले गया, जहां उसने उसके साथ लगातार शारीरिक शोषण किया।

इस दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई और उसने एक शिशु को जन्म दिया। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 17 अप्रैल 2026 को थानाध्यक्ष बलुवाकोट श्रीमती नीमा बोरा (विवेचक) के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी प्रकाश सिंह (उम्र 22 वर्ष) को पिथौरागढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

# हाईवे कट पर कार-ऑटो की टक्कर, महिला की मौत, आठ घायल

## एक ही परिवार के लोगों पर टूटा कहर

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में लालकुआं क्षेत्र के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक कार और ऑटो की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई जबकि एक ही परिवार के आठ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहा एक ऑटो आईओसी डिपो के सामने स्थित एक कट को पार कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक नेक्सॉन कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। उन्होंने बताया कि ऑटो में कुल नौ लोग सवार थे, जिनमें चार छोटे बच्चे भी शामिल थे। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग



मदद के लिए दौड़ पड़े।

हादसे में गफूर बस्ती निवासी रोजी (28), पत्नी शाहरुख, की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में शाहरुख (35), उनके बच्चे अरहान (10), अर्श (8), उजैर (4) और मन्नत (चार माह) के अलावा रफीक, मुकद्दस (45) और मेहरू बी अंसारी (14) शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए हल्द्वानी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिलने पर हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर सिंह नयाल के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया तथा यातायात को भी कुछ समय के लिए नियंत्रित करना पड़ा। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अव्यवस्थित कट के कारण यह दुर्घटना हुई।

स्थानीय लोगों ने भी इस स्थान को दुर्घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील बताते हुए प्रशासन से यहां उचित ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## आखिर कब बंद होगा यह खतरनाक कट ?

**हल्दूचौड़।** राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे इस अव्यवस्थित कट को लेकर स्थानीय लोगों में लंबे समय से आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह कट लगातार हादसों का कारण बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह खतरनाक कट कब बंद होगा और यहां सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था कब लागू की जाएगी। क्या प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं? स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों और मांगों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि यहां या तो कट को पूरी तरह बंद किया जाए या फिर अंडरपास, सर्विस लेन या ट्रैफिक सिग्नल जैसी स्थायी व्यवस्थाएं तत्काल लागू की जाएं। जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक इस तरह के हादसों में निर्दोष लोगों की जान जाने का खतरा बना रहेगा।

# कांग्रेस ने फूंका सांसद अजय टम्टा का पुतला

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**पिथौरागढ़।** टनकपुर तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग में घाट बैण्ड में सड़क की दुर्दशा और मलबे का निस्तारण नहीं करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने आक्रोशित होकर पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश पंत और पूर्व दर्जा मंत्री व राज्य आंदोलनकारी महेंद्र सिंह लुंठी के नेतृत्व में केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री व पिथौरागढ़ अल्मोड़ा लोक सभा सीट के सांसद अजय टम्टा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश पंत ने कहा कि घाट बैंड में मलबे के



निस्तारण की मांग को लेकर वह कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन मलबे का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। 15 जून से मानसून काल प्रारम्भ हो जाएगा और घाट बैंड में सड़क पर मलबा आने से रोड अवरूद्ध हो जाएगी। इसका पूरा खामियाजा पिथौरागढ़ जनपद की 5 से 10 लाख की आबादी को भुगतना पड़ेगा। मुकेश पंत ने कहा कि अगर शासन प्रशासन घाट बैंड पर मलबा हटाने की उनकी मांग को संज्ञान में लेकर समुचित कार्यवाही नहीं करेगा तो कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनता को साथ लेकर अगले सप्ताह से घाट बैंड पहुंचकर वहीं धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह लुंठी ने कहा कि पिथौरागढ़ की सारी सडकें बदहाल और खस्ताहाल हैं।

ऐसी खस्ताहाल सड़कों के कारण कोई भी पर्यटक यहां आने को तैयार नहीं है। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री और सांसद द्वारा यदि जल्द कार्यवाही करते हुए सड़कों की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में जैसे आज अजय टम्टा का पुतला फूंका गया वैसे ही कांग्रेस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन करेगी। डबल इंजन की सरकार ने जनता को ठगने का कार्य किया है। कांग्रेस गांव गांव जाकर जनता के सम्मुख भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेगी और आने वाले समय में इस प्रदेश से इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज ओझा, निशीद उप्रेती, त्रिभुवन चुफाल आदि उपस्थित थे।

# पुलिस-बदमाश मुठभेड़, फायरिंग के बाद आरोपी गिरफ्तार


पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**देहरादून ।** ऑपरेशन प्रहार के तहत चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान देर रात पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार हर्रावाला क्षेत्र के पीली कोठी के पास एक संदिग्ध सफेद रंग की स्विफ्ट कार की सूचना मिली थी। पुलिस टीम द्वारा बैरियर पर वाहन रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय तेज रफ्तार से बैरियर को टक्कर मार दी और हरिद्वार की ओर भाग निकला।



पुलिस ने आरोपी का पीछा किया। कुआंवाला के पास उसकी कार सड़क किनारे लगे एक बोर्ड से टकरा गई, जिसके बाद वह जंगल की ओर भागने लगा। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान क्रान्तानाथ निवासी हरिद्वार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार बरामद किए गए, जिनमें,एक देशी तमंचा (315 बोर),दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस घटना में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट कार (यूके08टीए-9193) को भी पुलिस ने सीज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार सघन चेकिंग और कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप है और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिल रही है।



## सम्पादकीय

# नई दिशा में भारत-ऑस्ट्रिया संबंध

लगभग चार दशकों के अंतराल के बाद क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा केवल एक औपचारिक कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच उभरती नई साझेदारियों का संकेत है। ऐसे समय में जब विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, भारत और ऑस्ट्रिया के बीच यह निकटता रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को सशक्त किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल एक बड़े बाजार के रूप में, बल्कि एक विश्वसनीय तकनीकी और रणनीतिक साझेदार के रूप में भी स्थापित हुआ है। ऐसे में ऑस्ट्रिया जैसे विकसित यूरोपीय देश के साथ संबंधों का विस्तार स्वाभाविक भी है और आवश्यक भी। दोनों देशों के बीच हुए पंद्रह समझौते इस बात का प्रमाण हैं कि यह संबंध अब पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ चुका है। रक्षा सहयोग, आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्य समूह, साइबर सुरक्षा संवाद और उच्च प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान जैसे कदम इस साझेदारी को गहराई प्रदान करते हैं। विशेष रूप से क्वांटम तकनीक, सेमीकंडक्टर और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति को मजबूत कर सकता है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह साझेदारी महत्वपूर्ण है। व्यापार को सुगम बनाने के लिए स्थापित फास्ट ट्रैक तंत्र निवेशकों के विश्वास को बढ़ाएगा। साथ ही, कौशल विकास, शिक्षा और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम जैसे कदम मानव संसाधन के क्षेत्र में नए अवसर सृजित करेंगे। यह स्पष्ट है कि दोनों देश केवल पूंजी और तकनीक ही नहीं, बल्कि प्रतिभा और ज्ञान के आदान-प्रदान पर भी जोर दे रहे हैं। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में इस संबंध का महत्व और भी बढ़ जाता है। यूरोप के मध्य में स्थित ऑस्ट्रिया, भारत के लिए एक रणनीतिक द्वार है, जिससे वह यूरोपीय बाजारों, तकनीक और निवेश तक अपनी पहुंच को और सुदृढ़ कर सकता है। वहीं, ऑस्ट्रिया के लिए भारत एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था और विश्वसनीय साझेदार के रूप में आकर्षण का केंद्र है। हालांकि, इस साझेदारी की वास्तविक सफलता इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। समझौतों को जमीन पर उतारना, निवेश को वास्तविक परियोजनाओं में बदलना और तकनीकी सहयोग को व्यावहारिक परिणामों में परिवर्तित करना ही इस यात्रा की असली कसौटी होगी। निस्संदेह, यह यात्रा भारतङ्गऑस्ट्रिया संबंधों के एक नए अध्याय की शुरुआत है। यदि दोनों देश अपनी प्रतिबद्धताओं को ठोस कार्यों में बदलने में सफल रहते हैं, तो यह साझेदारी न केवल द्विपक्षीय हितों को सुदृढ़ करेगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता, संतुलन और प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: विकास

**जिला संवाददता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** जनता से किए गए वायदों को पूरा करने की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए महापौर विकास शर्मा ने शहर के तीन वार्डों में लाखों रुपये की लागत से विकास कार्यों का ताबड़तोड़ शिलान्यास किया। वार्ड नंबर 37 रविन्द्र नगर, वार्ड नंबर 3 और वार्ड नंबर 4 ट्रांजिट कैंप में सड़कों और नाली निर्माण कार्यों की शुरुआत कर महापौर ने क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात दी। शिलान्यास कार्यक्रमों के क्रम में महापौर ने वार्ड नंबर 37 रविन्द्र नगर में पार्षद विष्णु सिंह के साथ क्षितिज राय के घर से शंकर गोलदार के घर तक 3.54 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क और नाली निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इसके बाद वार्ड नंबर 3 ट्रांजिट कैंप में 9.60 लाख और 7.62 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास पार्षद शुभम दास, बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी तथा भारी जनसमुदाय की उपस्थिति में किया गया। वहीं वार्ड नंबर 4 ट्रांजिट कैंप में 7.99 लाख रुपये की लागत से सुकुमार के घर से श्रीकांत के घर तक सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद सुशील मण्डल, पार्षद शुभम दास और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों के दौरान वार्डवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की और महापौर विकास शर्मा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समर्थन में नारे लगाए। शिलान्यास के पश्चात आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने रुद्रपुर के समग्र विकास को लेकर अपना विस्तृत दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शहर को आधुनिक, व्यवस्थित और आदर्श नगर बनाने के लिए नगर निगम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़कों, नालियों, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी दिशा में कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

महापौर ने पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि नगर निगम ने अल्प समय में ही लगभग 102 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में 56 महत्वपूर्ण कार्यों की नींव रखी गई थी, जबकि अब दूसरे चरण में 75 नई परियोजनाओं की श्रृंखला शुरू कर दी गई है, जिनका उद्देश्य शहर के हर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि अब शहर का कोई भी क्षेत्र उपेक्षित नहीं रहेगा। नगर निगम की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आने वाले समय में रुद्रपुर की कोई भी गली कच्ची न रहे और हर मोहल्ले तक पक्की सड़क, समुचित जल निकासी और बेहतर आधारभूत सुविधाएं पहुंचें। उन्होंने यह भी कहा कि विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शहर के सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र बढ़ाने और नागरिक सुविधाओं को तकनीकी रूप से मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

महापौर ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनमानस से आह्वान किया कि विकास की इस गति को बनाए रखने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रमों में विरेन्द्र तिवारी, संजय हाल्दार, विपुल राय, विश्वजीत बाला, संजीत, फणेन्द्र नाथ, निखिल राजू मजूमदार, शिवपद सरकार, तपन, केके त्रिपाठी, हरीश पाण्डेय, आनंद तिवारी, सोनू राय, रोहित मलिक, बंटी, करण सिंह, कमल मौर्य, सुमित राय, सूरज रामधारी, गंगवार, गणपत सैनी, चोखे लाल, डा मेहस, पिंटू राय, शुभम मण्डल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एएसआई के बेटे आयुष्मान ने एनडीए परीक्षा में हासिल की 22वीं रैंक





**चंपावत।** जनपद चम्पावत पुलिस परिवार के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि जनपद में नियुक्त सागर सिंह बिष्ट अपर उप निरीक्षक के सुपुत्र आयुष्मान ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में 22वीं रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। एसपी चंपावत रेखा यादव ने आयुष्मान की इस मेहनत, लगन एवं अनुशासन की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और इसे अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आयुष्मान एवं उनके पिता सागर सिंह बिष्ट, अपर उपनिरीक्षक को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु पुलिस परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

# किसानों की खुशहाली और समस्याओं के निदान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नामधारी

## गेहूं खरीद पोर्टल की क्षमता 50 गुना बढ़ी, अब 5 लाख कुंतल तक होगी उपज की तौल

**जिला संवाददता पर्वत प्रेरणा**




**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की समृद्धि और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी संकल्प को दोहराते हुए आज भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नामधारी ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की कटाई और सरकारी खरीद प्रक्रिया में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने के सरकार के प्रयासों को साझा किया। प्रेस वार्ता के दौरान उपाध्यक्ष नामधारी ने बताया कि पूर्व में सरकारी खरीद पोर्टल की तकनीकी सीमा बेहद कम थी। मात्र 10,000 कुंतल की क्षमता होने के कारण तराई और जनपद के हजारों किसान अपनी उपज का ऑनलाइन पंजीकरण और विक्रय करने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। किसानों की इस पीड़ा को समझते हुए सरकार ने तत्काल कदम उठाए और पोर्टल की क्षमता को सीधे 10,000 से बढ़ाकर 5,00,000 कुंतल कर दिया है।

यह निर्णय न केवल प्रशासनिक सुधार है, बल्कि उन छोटे और मंझोले किसानों के लिए वरदान साबित होगा जो अपनी फसल को बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर थे। अब अधिक से अधिक किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य का सीधा लाभ उठा सकेंगे, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने किसानों के समक्ष आ रही खाद और उर्वरक की आपूर्ति की समस्या पर भी सरकार का रुख स्पष्ट किया। उपाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार इस विषय को प्राथमिकता के आधार पर देख रही है। उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा चुके हैं और जल्द ही क्षेत्र के प्रत्येक किसान को समय पर खाद उपलब्ध होगी, ताकि आगामी कृषि कार्यों में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। इस दौरान जिला महामंत्री तरुण दत्ता, प्रदेश मंत्री (किसान मोर्चा) धीरेन्द्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष (किसान मोर्चा) राजेश बजाज, मंडल अध्यक्ष अरुण दीक्षित, जिला मंत्री मोर सिंह, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर समेत मुकेश पाल, मयंक तिवारी और सुनील सिंह आदि शामिल रहे।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें, भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में रामायण पाठ का शुभारंभ

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी में पावन रामायण पाठ का विधिवत शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उल्लास के साथ किया गया। मंदिर परिसर में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर प्रभु श्रीराम के नाम का गुणगान करते नजर आए। संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता की।



इस अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल भी परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचे और श्रद्धा भाव से प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम में गुलशन नारंग, गगन वाधवा, मनोज अरोड़ा, सर्वेश मौर्य, अक्ष नारंग, संजय गर्ग, राकेश अग्रवाल, कुंज बिहारी श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पवन अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, देशराज तागरा, अंजू सक्सेना, सीमा फुटेला, शिवांगी गर्ग, अजय फुटेला, अशोक सक्सेना, सूरज सचदेवा, अन्नू अरोड़ा, आरती सचदेवा एवं रितु वाधवा,एडवोकेट दीपिका मित्तल, एडवोकेट पूजा मित्तल, निखिल चंडोक एवं करन चंडोक सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रभु श्रीराम के भजनों एवं चौपाइयों का गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजा-अर्चना एवं रामायण पाठ का संचालन मंदिर के पुजारी सुरेंद्र पाल शर्मा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं को रामायण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला महान आदर्श ग्रंथ है, जो हमें मर्यादा, कर्तव्य और धर्म का मार्ग दिखाता है।कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं ने भजनों, कीर्तन और रामायण पाठ के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे सभी ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश भी देता नजर आया। ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# असहायों, निराश्रितों की सेवा करना सबसे बड़ी जनसेवा : प्रमोद

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** जनसेवा की सच्ची भावना को चरितार्थ करते हुए शहर में एक सराहनीय पहल पिछले कई माह से लगातार जारी है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में रुद्रपुर में संचालित जनसेवा अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी पहुंच बना रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन जरूरतमंदों, श्रमिकों, राहगीरों एवं असहाय व्यक्तियों के लिए भंडारे का आयोजन कर निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही जरूरतमंद लोगों को दवाइयों का वितरण कर राहत प्रदान की जा रही है। इस सेवा कार्य से न केवल जरूरतमंदों को सहायता मिल रही है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना भी मजबूत हो रही है। जनसेवा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिदिन विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ किया जाता है। सेवा कार्य प्रारंभ करने से पूर्व भगवान श्री हनुमान जी एवं भगवान शिव-पार्वती जी की पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण की कामना की जाती है। इसके उपरांत ही भंडारा एवं अन्य सेवा गतिविधियों का संचालन किया जाता है, जिसमें कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भी



बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस अवसर पर प्रमोद मित्तल ने कहा, जनसेवा ही हमारा परम धर्म है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यह अभियान कई माह से निरंतर चल रहा है और इसमें अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य केवल भोजन या दवा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना भी है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रेरित होकर सेवा कार्यों से जुड़ें। भविष्य में इस अभियान को और व्यापक स्वरूप देने की योजना भी बनाई जा रही है। कार्यक्रम में डॉ. दीप्ति वर्मा, , संस्कार भारती के पूर्व अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, अमित मित्तल, निखिल चंडोक, नितिन अग्रवाल, अध्यक्ष, अग्रवाल युवा संगठन श्रीओम अग्रवाल, महामंत्री अनुज अग्रवाल, एडवोकेट मनीष मित्तल (सचिव, अधिवक्ता एसोसिएशन), एडवोकेट पूजा मित्तल, शिवांश अग्रवाल, सुनील पचौरी, अंकित शर्मा, अनुराग शर्मा, मोहित सक्सेना,सुधीर डागर, मदन अग्रवाल, उदय वार्ष्णेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आज की जनसेवा के कार्यक्रम में संघ समर्पित राजकुमार खनिजों, भारत विकास परिषद रुद्रपुर के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल तथा रिंकू कालरा ने अपना जन्मदिन जनसेवा के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा कर मनाया।

# खटीमा-नानकमत्ता में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 6 भट्टियां ध्वस्त

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**नानकमत्ता/खटीमा।** जिला आबकारी अधिकारी ऊधमसिंह नगर के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे 'जीरो टॉलरेंस' अभियान के तहत शुक्रवार को खटीमा और नानकमत्ता के सीमावर्ती इलाकों में बड़ी कार्रवाई की गई। आबकारी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब के कई अड्डों का भंडाफोड़ किया। आबकारी निरीक्षक बृजेश जोशी के नेतृत्व में टीम ने खटीमा क्षेत्र के आलावर्दी स्थित किलपुरा रेंज में नालों के पास दबिश दी। यहां झाड़ियों में छिपाकर बनाई गई 3 भट्टियों को मौके पर ही तोड़ दिया गया। तलाशी के दौरान 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई,



जबकि लगभग 2000 किलोग्राम लहन को नष्ट कर दिया गया। इसके बाद टीम ने नानकमत्ता क्षेत्र के बिछुआ गांव में कार्रवाई की, जहां नाले के किनारे अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा था।

यहां भी 3 भट्टियों को ध्वस्त किया गया और 95 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। साथ ही करीब 4500 किलोग्राम लहन को मौके पर ही बहा दिया गया।

लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। आबकारी विभाग ने साफ किया है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# साइबर ठगों का कहर, युवक के खाते से 2 लाख उड़े

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** नगर के वलीनगर क्षेत्र वार्ड नंबर 10 बीएड कॉलेज रोड निवासी अली पुत्र अली हसन साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने उसके बैंक खाते से दो दिनों के भीतर करीब दो लाख रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार, उसका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है, जिसमें लगभग 5.09 लाख रुपये जमा थे। 15 अप्रैल को उसके मोबाइल पर अचानक संदिग्ध ट्रांजेक्शन के मैसेज आने लगे। कुछ ही देर में खाते से अलग-अलग किश्तों में रकम निकल गई। बताया गया कि 15 अप्रैल को कुछ ही मिनटों के भीतर कई बार ट्रांजेक्शन कर हजारों रुपये निकाले गए। इसके बाद 16 अप्रैल को भी करीब एक लाख रुपये की निकासी की गई। इस तरह कुल 1,99,998 रुपये खाते से उड़ा लिए गए। मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने जल्द आरोपियों का पता लगाने का भरोसा जताया है।

# सितारगंज मंडी में गेहूं खरीद शुरू, 5 हजार क्विंटल का लक्ष्य

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** नवीन मंडी सितारगंज में खाद्य विभाग के दो कांटों पर गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार शासन द्वारा दोनों कांटों को कुल 5 हजार क्विंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया गया है। खरीद शुरू होते ही किसानों ने राहत की सांस ली है और अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचने लगे हैं। ज्ञात हो कि पिछले दिनों सरकारी कांटों पर खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों ने एसएमओ कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया था। अब खरीद शुरू होने के बाद किसानों में संतोष का माहौल है। किसानों का कहना है कि सरकारी खरीद से उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिलेगा और बिचौलियों पर निर्भरता भी कम होगी। एसएमओ विनय चौधरी ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू तरीके से संचालित किया जा रहा है। केंद्रों पर तौल और पंजीकरण की पूरी व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार साफ और सूखा गेहूं ही खरीद केंद्रों पर लाएं, जिससे प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

# विपक्षी दलों को माफ नहीं करेगी देश की महिलाएं : चुघ

जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि संसद में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए भाजपा सरकार ने प्रस्ताव पारित किया था लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी समेत सभी विपक्षी दलों ने इस बिल के खिलाफ सदन में वोट किया। जिसके चलते महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो पाया जो देश की लाखों करोड़ों महिलाओं के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात है इसके लिए जनता विपक्षी दलों को माफ नहीं करेगी।

जारी बयान में भाजपा नेता चुघ ने कहा की कई दशकों से महिला आरक्षण बिल लंबित पड़ा हुआ था लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने देश की महिलाओं की संसद में भागीदारी बढ़ाने को लेकर महिला आरक्षण बिल प्रस्तुत किया था लंबी जद्दोजहद के बाद यह बिल लोकसभा में लाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रह मंत्री अमित शाह ने पूरे सदन के सामने महिला आरक्षण बिल के बारे में विस्तार से जानकारी दी लेकिन विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा सामने आया और देश की महिलाओं को सर्वोच्च सदन में पहुंचने से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि देश का विपक्ष पीएम मोदी के विरोध में इस हद तक जा चुका है कि वह देशहित में सरकार द्वारा किए गए किसी भी निर्णय को स्वीकार नहीं कर रहा ऐसे में देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।चुघ ने कहा कि विपक्षियों के विरोध के चलते महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो पाया अब महिलाएं विपक्ष को आने वाले समय में इसका जवाब देंगी।

# सितारगंज में महंगाई पर सख्ती, फल-सब्जी के दामों की होगी रोज निगरानी

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**सितारगंज।** बाजार में फल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति सितारगंज ने सख्त कदम उठाए हैं। मंडी निदेशालय, रुद्रपुर के निर्देशों के तहत अब शहर और तहसील क्षेत्र में कीमतों की रोजाना निगरानी की जाएगी, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। मंडी समिति ने इसके लिए दो विशेष सचल दलों का गठन किया है। इन टीमों का नेतृत्व मंडी निरीक्षक राजेंद्र चंद और लेखाकार त्रिभुवन सिंह बोहरा करेंगे। टीमें प्रतिदिन थोक और फुटकर बाजारों का निरीक्षण कर कीमतों की समीक्षा करेंगी।

यदि कोई दुकानदार निर्धारित दरों से अधिक वसूली करता पाया गया, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। मंडी सचिव विनोद पलड़िया के अनुसार, ऐसे व्यापारियों को चिन्हित कर 3 दिन के भीतर लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय सीमा के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पूरे अभियान की दैनिक रिपोर्ट मंडी निदेशालय, रुद्रपुर को भेजी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बाजार में पारदर्शिता लाना और उपभोक्ताओं को वाजिब दरों पर फल-सब्जियां उपलब्ध कराना है।

# सुरक्षित मातृत्व के लिए उत्तरकाशी में सघन जन-जागरूकता अभियान

( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )

**उत्तरकाशी** । गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित मातृत्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तराखंड के दिशा-निर्देशों के तहत सघन जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से संपर्क कर रही हैं। आई.पी.सी. (इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन) बैठकों के माध्यम से उन्हें संस्थागत प्रसव के महत्व और मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. रावत ने बताया कि अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत



जनपद के सभी विकासखंडों में कुल 48 विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चिकित्सा अधिकारियों के नेतृत्व में टीमों का गठन करें। इन टीमों में एएनएम, फार्मासिस्ट, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आशा कार्यकर्ता और आशा फैसिलिटेटर को शामिल किया जाएगा, ताकि समन्वित रूप से कार्य किया जा सके।

निर्धारित तिथियों के अनुसार चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव के लाभों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही व्यापक जन-जागरूकता के माध्यम से समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# बीमार व अशक्त पशुओं के उपचार हेतु जिलाधिकारी ने दिया विशेष सहयोग

## अनटाइड फंड से छः लाख की राशि से खरीदी गई ,एनिमल लिफ्टिंग मशीनें बीमार पशुओं के इलाज करने में मशीन होगी उपयोगी

**बागेश्वर। गोविन्द मेहता,** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशन में जनपद में बीमार एवं कमजोर पशुओं के उपचार एवं प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। ऐसे पशु जो बीमारी या कमजोरी के कारण स्वयं खड़े नहीं हो पाते, उन्हें उठाने एवं सहारा देने हेतु 10 एनिमल लिफ्टिंग मशीनों की खरीद की गई है इस उद्देश्य के लिए डीएम ने अनटाइड फंड से छः लाख की धनराशि आवंटित की थी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा उक्त मशीनों



का क्रय कर उन्हें राजकीय पशु चिकित्सालय, केंद्रीय भंडार बागेश्वर में सुरक्षित रखा गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी द्वारा मशीनों का सत्यापन किया गया, जिसमें सभी 10 मशीनों का क्रय सही पाया गया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. गौरव कुमार ने अवगत कराया कि इन मशीनों को जनपद के 10 पशु चिकित्सालयों को आवंटित किया जाएगा, जिससे बीमार एवं अशक्त पशुओं को उठाने और उपचार में सुविधा मिल सकेगी। इन मशीनों के उपयोग से विशेष रूप से निराश्रित गोवंश के उपचार एवं आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर स्थानांतरण में भी आसानी होगी, जिससे पशु कल्याण की दिशा में जनपद को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

# सीडीओ ने लिया यमुनोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**उत्तरकाशी** । आगामी चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग के विभिन्न पड़ावों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्ट्रेशन प्वाइंट, मेडिकल चेकअप केंद्र, स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित आउटलेट, सुलभ शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को इन्हें और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से यात्रा पड़ावों पर सुलभ शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाने और विभिन्न स्थानों पर लगे हैंडपंपों की स्थिति सुधारने के लिए जल संस्थान को आवश्यक निर्देश दिए। स्यानाचट्टी



में सड़क मार्ग को सुगम बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्था से कहा कि सभी मार्गों की यातायात व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त की जाए। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने के लिए मजदूरों और मशीनरी संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने जानकी चट्टी में घोड़ा पड़ाव का निरीक्षण किया और शेष कार्यों को जल्द पूर्ण करने के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया। स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष जताते हुए उन्होंने स्वास्थ्य टीम के साथ बैठक कर आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश तिवारी, परियोजना प्रबंधक (रीप) कपिल उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन, खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय खेल संघ, उत्तराखंड के तत्वावधान में तथा विज्डम पब्लिक स्कूल के सौजन्य से यहां महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विज्डम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह पोखरिया, राष्ट्रीय खेल संघ के राज्य सचिव अमित गंगवार और आयोजकसचिव कपिल सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया।आयोजन के दौरान वॉलीबॉल, खो-खो और दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने खेल भावना और अनुशासन



का परिचय दिया।राष्ट्रीय खेल संघ के राज्य सचिव अमित गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य स्थानीय युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का संचालन बबीता फर्सवान और अंशिका अरोरा ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संघ के जिला सचिव अरुण सिंह, शिल्पी पंतोला, सुधा सिंह, तनुजा नैनवाल, ज्योति पांडे तथा अन्य खेल प्रशिक्षकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# डीएम ने एग्री-स्टैक योजना की समीक्षा की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**उत्तरकाशी** । जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने एग्री-स्टैक योजना के तहत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने प्रगति का आकलन करते हुए शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत अब तक 78,580 खसरों का सर्वे पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा 2,44,472 खातेदारों का अंश निर्धारण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। वहीं फार्मर रजिस्ट्री के तहत 21,025 किसानों का पंजीकरण कर उनकी डिजिटल रजिस्ट्री तैयार की गई है। जिलाधिकारी ने सभी पटवारियों को निर्देश दिए कि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरी सक्रियता के साथ करते हुए आवंटित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंश निर्धारण और फार्मर रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी आंकड़ों को समयबद्ध तरीके से पोर्टल पर अपडेट किया जाए, ताकि किसानों को खाद, बीज और ऋण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि डेटा की शुद्धता सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर त्रुटि पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में एडीएम मुक्ता मिश्र, अपर संख्याधिकारी रमेश भारद्वाज सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में समय सारिणी बदलने से शिक्षक संघ में नाराजगी

**बागेश्वर।** प्रदेश में विद्यालयों का समय बदलने से उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन में रोष है। संगठन ने नई समय-सारिणी को तत्काल निरस्त करने और पूर्व की ही भांति स्कूल संचालित करने की मांग की है। उन्होंने मांग न माने जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस आशय का एक ज्ञापन उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को भेजा। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को डीईओ (प्रा.शि.) के माध्यम से भेजे ज्ञापन में प्राथमिक शिक्षक संगठन ने ग्रीष्मकाल में प्रातः 7.45 बजे से 2.05 बजे तक तथा शीतकाल में प्रातः 8.50 बजे से 3.10 बजे तक स्कूलों का समय निर्धारित करने को अव्यावहारिक बताया है।उनका कहना है कि नई समय-सारिणी में बच्चों के भोजन व स्वास्थ्य का कदापि ध्यान नहीं रखा गया है। पहाड़ के विद्यालयों के लिए यह समय-सारिणी किसी भी तरह से ठीक नहीं है। पहाड़ की भौगोलिक परिस्थिति विषम है।उन्होंने सरकार व विभाग को इसमें शीघ्र संशोधन करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष दीपक रावत, जिला महामंत्री नवीन चंद्र मिश्रा, चंद्रप्रकाश चंदोला, बलवंत कालाकोटी आदि शामिल थे।

# भाला लगने से रीठा साहिब निवासी पॉलिटेक्निक के छात्र की दर्दनाक मौत।

**चंपावत** । से एक दुखद खबर सामने आ रही है। जहां गोरल चौड़ मैदान में आज सुबह भाला फेंकने का अभ्यास करने के दौरान भाला राजकीय पॉलिटेक्निक के छात्र को लग गया जिसमें छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया । छात्र को तत्काल जिला अस्पताल चंपावत ले जाया गया जहां इलाज के दौरान छात्र ने दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज चंपावत में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है । आज प्रतियोगिता का पहला दिन था । गोरल चौड़ मैदान में सभी छात्र अभ्यास कर रहे थे।सुबह 8:00 बजे करीब कुछ छात्र फुटबॉल और कुछ युवक जैवलिन थ्रो का अभ्यास कर रहे थे। अभ्यास के दौरान एक छात्र के द्वारा भाला फेंका गया भाला फुटबॉल की प्रैक्टिस कर रहे छात्र सोमेंद्र सिंह बोहरा ( 20 ) को जा लगा जानकारी के मुताबिक भाला सोमेंद्र के कंधे के बगल से होता हुआ गर्दन के अंदर तक धंस गया। छात्र को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । पुलिस के द्वारा पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है । सोमेंद्र सिंह बोहरा रीठा साहिब के मछियाड गांव के रहने वाले थे और चंपावत जूप वार्ड में अपनी बुआ के यहां रहकर पॉलिटेक्निक में पढ़ाई कर रहे थे। वह पॉलिटेक्निक में सेकंड ईयर के छात्र थे। उनके पिता भूपाल सिंह बोहरा गुजरात में नौकरी करते हैं। जानकारी के मुताबिक राजकीय पॉलिटेक्निक में स्पोर्ट्स टीचर तक नहीं है और बिना शिक्षकों की देखरेख में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हो रही थी। आज पहले दिन बड़ी दुर्घटना सामने आई है। पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य विनय शर्मा को इस घटना को लेकर कई बार फोन किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। पीएमएस एचएस ह्यांकी ने बताया कि भाला छात्र के गर्दन और कंधे के बगल में लगा था जो अंदर तक धंस गया था। संभावित है ऑक्सीजन सप्लाई रुक गई होगी और अत्यधिक रक्त स्राव हो गया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । मृतक छात्र के पिता गुजरात से रवाना हो चुके हैं ।

# कनालीछीना तहसील के निरीक्षण में लापरवाही पर डीएम की सख्ती

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने आज कनालीछीना के नवनिर्मित तहसील भवन एवं तहसील पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि तहसील भवन पूर्ण रूप से तैयार होने के बावजूद एप्रोच



रोड एवं पार्किंग कार्य अधूरे हैं। जिसके कारण तहसील भवन का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही स्थानीय प्रशासन की शिथिलता पर भी असंतोष जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी लंबित कार्यों को उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर ही लोहे की सरिया, सीमेंट एवं रोड़ी के सैंपल की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित जांच अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एक माह के भीतर तहसील भवन अप्रोच रोड एवं पार्किंग से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण कर उसे सुचारू रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, जिससे कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पांडे, तहसीलदार राम प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वनाग्नि रोकथाम और वन्यजीव सुरक्षा को मिले हाई-टेक



**उत्तरकाशी** । उत्तरकाशी में वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और वन्यजीवों की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और वन विभाग उत्तराखंड ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जिला योजना (वित्तीय वर्ष 2025-26) के अंतर्गत खरीदे गए 3 अत्याधुनिक 'बुलेरो कैम्पर' वॉटर व्हीकल्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन 500 लीटर क्षमता की पानी की टंकी और हाई-प्रेशर वॉटर पंप से लैस हैं, जो दुर्गम पहाड़ी इलाकों में वनाग्नि पर तेजी से नियंत्रण पाने में सहायक होंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि ये हाई-टेक वाहन वनाग्नि के दौरान आग पर काबू पाने के साथ-साथ अन्य बहुउद्देशीय कार्यों में भी उपयोगी साबित होंगे। वनाग्नि सीजन समाप्त होने के बाद इनमें लगे वॉटर सिस्टम को हटाकर इनका उपयोग वन गश्त, सरकारी सामग्री के परिवहन और घायल वन्यजीवों के रेस्क्यू में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीकी सुदृढ़ीकरण से जिले की अमूल्य वन संपदा का संरक्षण और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। योजना के तहत ये तीनों वाहन उत्तरकाशी वन प्रभाग, अपर यमुना वन प्रभाग और टौंस वन प्रभाग पुरोला को सौंपे गए हैं। इन आधुनिक वाहनों की तैनाती से वन कर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया समय (रिस्पॉन्स टाइम) कम होगा। इस अवसर पर डीएफओ डीपी बलूनी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश, जिलाधिकारी ने की समीक्षा

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में उर्वरक आपूर्ति व,कालाबाजारी पर सख्त निगरानी के निर्देश।



**चंपावत** । जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में उर्वरकों (फर्टिलाइजर) की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण प्रणाली की सतत मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को समय पर और उचित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस बैठक में कृषि, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में उर्वरकों की अवैध आवाजाही एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सघन अभियान चलाते हुए नियमित जांच सुनिश्चित करें। बैठक में अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी ने कृषि एवं सहकारिता विभाग को निर्देश दिए कि मांग के अनुरूप उर्वरकों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं एसएसबी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण पर राजनीति बनाम प्रतिबद्धता: विपक्ष का पक्ष

**किच्छा।** कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय का कहना है कि सत्यमेव जयते के साथ आदर्श आवश्यक है कि आज संसद में महिला आरक्षण विधेयक का गिरना निस्संदेह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को केवल एक राजनीतिक विरोध के रूप में देखना वास्तविकता से दूर होगा। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस सहित विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकार की कथित भ्रामक और असंवैधानिक मंशा के विरोध में मतदान किया है।

कांग्रेस पार्टी का इतिहास महिलाओं के सशक्तिकरण के समर्थन से जुड़ा रहा है। पार्टी शुरू से ही महिला आरक्षण की प्रबल समर्थक रही है और आज भी बिना किसी शर्त तथा बिना किसी देरी के तत्काल आरक्षण लागू करने के पक्ष में खड़ी है। हमारा मानना है कि महिला आरक्षण कोई राजनीतिक रणनीति या चुनावी गणित का हिस्सा नहीं होना चाहिए, बल्कि यह देश की आधी आबादी को समान भागीदारी देने का संवैधानिक और नैतिक दायित्व है।

सन् 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को ऐतिहासिक कदम माना गया था। सहित विपक्ष के कई नेताओं ने उस समय स्पष्ट रूप से कहा था कि यदि सरकार इसे लागू करती है, तो पूरा विपक्ष उसके साथ खड़ा रहेगा।

किन्तु वर्तमान स्थिति यह संकेत देती है कि सरकार जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया को आधार बनाकर इसके क्रियान्वयन को टाल रही है, जिससे इसकी समयसीमा अनिश्चित हो गई है।

कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही, इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए भी स्पष्ट प्रावधान सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है, ताकि सामाजिक न्याय के सिद्धांतों की अनदेखी न हो। जनगणना और वास्तविक सामाजिक आंकड़ों के बिना किसी भी नीति का क्रियान्वयन अधूरा रहेगा।

आज की स्थिति यह प्रश्न खड़ा करती है कि क्या महिलाओं के अधिकारों को भी राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौला जाएगा?

कांग्रेस इस दृष्टिकोण का स्पष्ट विरोध करती है। हमारी प्रतिबद्धता केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण तक है।

देश की आधी आबादी को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि उनके अधिकार किसी भी राजनीतिक समझौते का हिस्सा नहीं बनेंगे। कांग्रेस इस विश्वास के साथ आगे बढ़ती रहेगी कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक ठोस और तत्काल लागू होने वाली नीति होनी चाहिए।

# चारधाम यात्रा 2026 को लेकर पुलिस की तैयारी तेज, व्यापार मंडल व टैक्सी यूनियन के साथ बैठक

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा 2026 के सुचारु संचालन को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक चंचल शर्मा ने बड़कोट में व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि बड़कोट कस्बे में मुख्य सड़क के दोनों ओर खड़े स्थानीय वाहनों को हटाकर निर्धारित पार्किंग, बड़कोट गांव पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा, जिससे जाम की समस्या से निजात मिल सके। यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के वाहनों को केवल होटल पार्किंग और निर्धारित स्थलों पर ही खड़ा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नौगांव और बड़कोट बाजार में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस ने सभी होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने, आने वाले यात्रियों का रिकॉर्ड एवं पहचान पत्र सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। विदेशी नागरिकों की सूचना स्थानीय पुलिस और अभिसूचना विभाग को देना तथा फॉर्म-सी भरवाना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने, सभी होटल-ढाबों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करने और टैक्सी वाहनों को रोटेशन प्रणाली के तहत संचालित करने के निर्देश दिए गए। ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग और नशे की हालत में वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। वहीं पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार के नेतृत्व में गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। बैरिकेडिंग और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर बैरियर लगाकर भीड़ और यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ किया जाएगा। इस दौरान हर्षिल के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह तोमर, गंगोत्री चौकी प्रभारी प्रमोद उनियाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा 2026:एडीजी डॉ. वी. मुरुगेशन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर दी अहम जानकारी

**उत्तरकाशी** । चारधाम यात्रा 2026 को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. वी. मुरुगेशन ने पुलिस-प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक और निरीक्षण के बाद प्रेस वार्ता कर तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2026 को यमुनोत्री धाम और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ यात्रा शुरू होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सरकार और पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यातायात और भीड़ प्रबंधन यात्रा मार्ग के प्रमुख पड़ावों और संवेदनशील स्थानों पर सुचारु यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। बाजार क्षेत्रों में वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा कर श्रद्धालुओं को पैदल भेजने की योजना बनाई गई है। नैरो पैच, ब्लैक स्पॉट और बॉटलनेक क्षेत्रों में वन-वे ट्रैफिक लागू किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहेंगी। यात्रा मार्ग और धामों में 190 सीसीटीवी कैमरे, 3 ड्रोन, 6 डीएफएमडी फ्रेम मेटल डिटेक्टर) और 60 HHMD (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) लगाए गए हैं। इसके अलावा एटीएस, बम निरोधक दस्ते और सीएपीएफ के जवान भी तैनात रहेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए 38 मोटरसाइकिल, 2 इंटरसेप्टर, 4 हाईवे पेट्रोल यूनिट, 2 क्रेन और 6 नई बुलेट मोटरसाइकिलों को तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधा और जानकारी 7455939993 और 9411112976 जारी किए गए हैं। साथ ही उत्तराखण्ड पुलिस ऐप, वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से यात्रा, मौसम और मार्ग की स्थिति की रियल-टाइम जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और अफवाह फैलाने या भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

यात्रा ड्यूटी के लिए 6 थाने/कोतवाली, 9 रिपोर्टिंग चौकियां, 13 सीजनल चौकियां और 11 नए फैब्रिकेटेड बैरक बनाए गए हैं। प्रेस वार्ता से पूर्व एडीजी ने काशी विश्वनाथ मंदिर उत्तरकाशी में पूजा-अर्चना कर यात्रा की सफलता की कामना की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय भी मौजूद रहीं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस पदाधिकारियो का जोरदार स्वागत

**चंपावत।** जिले में यूथ कांग्रेस के नव निर्वाचित पदाधिकारियो का आज शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंपावत चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस लोहाघाट रोहन महरा, जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस चम्पावत जीवन सिंह बिष्ट ,युवा कांग्रेस जिला महासचिव चम्पावत सोनम बोहरा,ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस लोहाघाट अनिल कुमार ,नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस लोहाघाट प्रांजल वर्मा,ब्लॉक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस बाराकोट नीरज कालाकोटी का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल ने कहा युवा साथियों में नई ऊर्जा, उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण देखने को मिला। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। एवं कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। उन्होंने कहा 2027 विधानसभा चुनाव में युवाओं के सहयोग से कांग्रेस जिले में अपना परचम लहराएगी। इस दौरान कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों का धरना चौथे दिन भी जारी, सहायक महाप्रबंधक पर कार्रवाई की मांग





**टनकपुर।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के कर्मचारियों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री उत्तराखंड के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने परिवहन निगम टनकपुर के सहायक महाप्रबंधक (संचालन) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और निलंबन की मांग उठाई। उनका आरोप है कि अधिकारी के कार्यकलापों के चलते डिपो में लंबे समय से ऑफ-रोड बसों को ऑन-रोड नहीं किया गया, जिससे निगम को लगभग 4 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रदर्शनकारियों का यह भी कहना है कि निगम मुख्यालय के निर्देशों की अनदेखी की जा रही है, जिससे परिवहन निगम की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कर्मचारियों को समय पर वेतन देने के लिए भी धन की कमी बनी हुई है। नाराज कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और संबंधित अधिकारी के खिलाफ जल्द कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भूपाल सिंह, क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र बिष्ट, दिनेश भट्ट, पंकज पंत, आकाश, रिंकू कांडपाल और संजीव कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# उधम सिंह नगर में एक साथ कई अवैध धार्मिक संरचनाएं ध्वस्त

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के अभियान को और गति देते हुए गूलरभोज दिनेशपुर क्षेत्र में एक साथ कई धार्मिक संरचनाओं को आज भोर होते ही ध्वस्त कर दिया। जानकारी के मुताबिक ये धार्मिक संरचनाएं सिंचाई विभाग की भूमि पर कब्जे करके बनाई गई थी और तीन माह पूर्व प्रशासन द्वारा सर्वे करने के बाद इन संरचनाओं को बनाने वाले सदस्यों को भूमि और निर्माण संबंधी दस्तावेज दिखाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। सिंचाई विभाग ने ठंडा नाले वाले क्षेत्र में अवैध कब्जे करने वालों को भी नोटिस जारी किया हुआ है, अवैध कब्जेदारो ने नोटिस के बाद हाई कोर्ट में शरण ली जहां उन्हें राहत नहीं मिली और वे सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश ले आए। लेकिन धार्मिक संरचनाओं पर कोई स्थगन आदेश नहीं होने पर सिंचाई विभाग ने जिला प्रशासन और भारी संख्या में पुलिस बल लेकर उन्हें आज तड़के ध्वस्त कर दिया। सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई तीन धार्मिक संरचनाओं को हटा कर कब्जा लिया गया है। उक्त संरचनाओं के निर्माण के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी और न ही भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेज कब्जेदारो ने दिखाए। सुप्रीम कोर्ट के इस बारे में दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए कारवाई की गई है।

# कथा के श्रवण से ही जीवन में आता है सदमार्गः आचार्य ब्रजरज

## उत्तराखंड में प्रथम बार आस्था चैनल पर हुआ हनुमंत कथा का प्रसारण



**रुद्रपुर (सुनील राणा)।** श्री सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर धाम के आचार्य ब्रजरज अभिषेक जी वशिष्ठ ने बताया कि मध्य प्रदेश के दतिया जिले में पांच दिवसीय हनुमंत कथा का आयोजन किया गया था जो उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है कि राष्ट्रीय चैनल आस्था पर इस पांच दिवसीय हनुमंत कथा का प्रसारण किया गया। सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर धाम में पत्रकार वार्ता करते हुए श्री वशिष्ठ ने बताया की पांच दिवसीय हनुमंत कथा आध्यात्मिक विषयों को लेकर की गई थी। उनकी इस कथा में पीठाधीश्वर श्री गुरु शरण जी महाराज का सानिध्य मिला। इसके अलावा देश भर के संत महापुरुष वहां पहुंचे। जिन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर देवकीनंदन ठाकुर जी, करौली सरकार, जगतगुरु चक्रपाणि, नारायण शास्त्री, कन्नौज के पीठाधीश्वर सहित देश भर के संत महापुरुष उपस्थित थे। पांच दिवसीय कथा के दौरान हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। जहां प्रतिदिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में निरंतर बालाजी महाराज का सानिध्य मिलता रहे और युवा पीढ़ी आध्यात्मिक और धर्म की तरफ भी अग्रसर हो। उन्होंने कहा की श्री बालाजी महाराज के आशीर्वाद से कथा श्रवण करने से ही जीवन सदमार्ग पर चलना शुरू कर देता है और श्रद्धालु अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय इस हनुमंत कथा को श्री हनुमान जन्मोत्सव की तरह मनाया गया। उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी इस प्रकार की कथाओं का आयोजन किया जाए ताकि श्रद्धालु इसका लाभ ले सकें। श्री वशिष्ठ ने बताया कि राम कथा, हनुमान कथा, श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन कर वह निरंतर युवा पीढ़ी को धर्म के प्रति जागृत करते हैं क्योंकि युवाओं से ही देश का भविष्य है। श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी ने बताया की बालाजी महाराज की कृपा से ही आज वह भक्ति की ओर अग्रसर हैं। बाल्य काल से ही अपनी दादी जी के साथ वह गुरु धाम में श्री बाबा रामेश्वर आनंद जी महाराज राजस्थान के पास प्रत्येक एकादशी को जाते थे और उनके सानिध्य में कीर्तन का श्रवण करते थे। यहां से उनके जीवन में भक्ति की अलख जगी। तरुण अवस्था में वह भक्ति की ओर बढ़ते चले गए। रुद्रपुर शहर में उनके पिताजी कई दशकों तक व्यवसाय करते रहे उनका बचपन इसी शहर में बीता और श्रद्धालुओं और बालाजी महाराज की कृपा से श्री सिद्धेश्वर धाम बनाया गया। जिसकी स्थापना मेहंदीपुर बालाजी महाराज बाबा प्रेतराज सरकार के महंत जी ने की और प्रथम आरती भी उनके ही सानिध्य में की गई।

# कालाढूंगी क्षेत्र में बाघ का आतंक, बकरी को बनाया शिकार, ग्रामीणों में दहशत



**कालाढूंगी।** कालाढूंगी क्षेत्र के छोटी हल्द्वानी गांव में एक बार फिर बाघ के हमले से दहशत फैल गई है। गांव के समीप जंगल से सटे इलाके में एक बाघ ने बकरी पर हमला कर उसे मार डाला। बताया जा रहा है कि करीब एक माह पूर्व भी इसी स्थान पर बाघ ने एक अन्य बकरी को अपना शिकार बनाया था। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर एक निवासी बलवंत सिंह कार्की अपनी बकरियों को चराने गांव से लगे जंगल में गए थे। इसी दौरान घात लगाकर बैठे बाघ ने अचानक हमला कर एक बकरी को मार दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वार्ड सभासद रोहित बुधलाकोटी के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। लोग जंगल में जलौनी लकड़ी लेने जाने से भी कतरा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के पास बाघ की सक्रियता बढ़ने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बोर नदी के जंगलों से अक्सर वन्यजीव आबादी की ओर आ जाते हैं। कभी हाथियों के झुंड खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर देते हैं, तो कभी बाघ और तेंदुआ जैसे शिकारी जानवर पशुओं व ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। क्षेत्र में पहले भी कई पशुओं और कुछ ग्रामीणों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में सुरक्षा दीवार बनाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल वन विभाग की टीम इलाके में निगरानी कर रही है, लेकिन ग्रामीणों में अब भी डर का माहौल बना हुआ है।

# बरी हुए आरोपियों वाले प्रकरणों पर विशेष समीक्षा, जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**अल्मोड़ा।** अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में आज जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पिछले तीन माह के दौरान न्यायालय द्वारा निस्तारित मामलों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से उन प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें आरोपियों को बरी किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य ऐसे मामलों में आई कमियों का विश्लेषण करना तथा भविष्य में अभियोजन पक्ष को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा, ताकि न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान प्रकरणवार समीक्षा करते हुए साक्ष्य संकलन, विवेचना की गुणवत्ता तथा न्यायालय में प्रस्तुतिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विवेचना को मजबूत बनाएं तथा साक्ष्यों के संकलन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में मामलों की प्रभावी पैरवी के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए, जिससे आरोपियों के बरी होने की घटनाओं में कमी लाई जा सके।बैठक में प्रोग्राम ऑफिसर सुनीता भट्ट, डीजीसी क्रिमिनल तथा क्षेत्राधिकारी बलवंत रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डीन एकेडमिक ने बैठक आयोजित की

**अल्मोड़ा।** शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डीन एकेडमिक प्रो यादव ने विभिन्न संकायाध्यक्षों विभागाध्यक्षों, छात्रसंघ पदाधिकारियों एवं छात्र प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली अकादेमिक प्रोफेसर अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, परीक्षा नियंत्रक, समर्थ पोर्टल के सदस्य, छात्रसंघ पदाधिकारियों छात्र प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक ली और अध्ययन-अध्यापन को लेकर खुलकर विमर्श किया गया।

बैठक में ससमय प्रवेश,परीक्षा और परिणाम घोषित करने , परिसर में शिकायत एवं सुझाव पेटिका बनाने, बाहरी वाहनों के पार्किंग एवं प्रवेश को पूर्णतः प्रतिबंधित करने, के तहत संचालित वैल्यू एडिट कोर्स के निर्धारण, असाइनमेंट वर्क के समय निर्धारित करने, अध्ययन-अध्यापन का वातावरण निर्मित करने आदि को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

डीन एकेडमिक प्रो अनिल कुमार यादव ने बताया कि बैठक में सभी संकायाध्यक्षों/विभागाध्यक्षों/छात्र संघ पदाधिकारियों और छात्र प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर सौहार्दपूर्ण और अध्ययन-अध्यापन का वातावरण तैयार करने को लेकर बैठक हुई। बैठक में एलएलबी,एलएलएम आदि विषयों के निर्धारित शैक्षणिक सत्र को समय पर लाने, निर्धारित समय पर प्रवेश, आवेदन फॉर्म जमा करने, परीक्षा आयोजित करने के लिए निश्चित समय निर्धारित करने को लेकर सुझाव भी प्रस्तुत हुए बैठक में प्रोफेसर जगत सिंह बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक प्रो पंकज कुमार शाह, प्रो एस के जोशी (संकायाध्यक्ष, विज्ञान), प्रोफेसर शेखर जोशी(संकायाध्यक्ष, विज्ञान), प्रोफेसर अखिलेश नवीन(संकायाध्यक्ष, विधि) सहित विभिन्न संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, समर्थ एवं परीक्षा अनुभाग के सहयोगी , छात्रसंघ के अध्यक्ष सहित छात्र संघ के सभी प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

# वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** जनपद पुलिस ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को नैनीताल से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोमेश्वर मदन मोहन जोशी और एसओजी प्रभारी सुनील धानिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फौजदारी वाद संख्या 926/2025, धारा 318(2) बीएनएस से संबंधित वारंटी अभियुक्त विक्की शाह उर्फ विक्टर (32) पुत्र चिरंजी शाह निवासी ग्राम लोध, सोमेश्वर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। पुलिस टीम ने सर्विलांस की सहायता से 16 अप्रैल को नैनीताल जनपद के मल्लीताल क्षेत्र स्थित स्नो व्यू होम स्टे, बिरला रोड से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक रमेश कुमार, उप निरीक्षक फिरोज खान, हेड कांस्टेबल अमीर चंद और कांस्टेबल नीरज शामिल रहे।

# जमीर बचाए रखना

*जमीर बचाए रखना,*
*कुछ बेचकर अमीर हो गए,*
*सुबह से शाम तक शाम से रात तक,*
*झूठ बोल सत्यवादी हरिश्चंद्र हो गए.*
*हजारों लाखों मुश्किलों से जूझकर संवार रहे थे अपने रास्ते,*
*वो आए चस्पा करने अपनी फोटो*
*फोटोदार हो गए।*
*हमने नाकामियों के कितने मंजर देखे हैं इधर,*
*वो एक हार में ही जीत के सख्त तलबदार हो गए।*
*कुछ ऐसे अजब-गजब विधान बना लिए उन्होंने,*
*मेरे खेत-खलिहान भी उनके सरकार के जागीर हो गए।*
*लिख-लिख, पढ़-पढ़ कर थक गया मैं न शोहरत न अशर्फी मिली,*
*कुछ टैग-कैप्शन ट्विटर लिख वो कबीर हो गए।*
*सब कुछ लगा दिया मैंने प्रेम, वतन के वास्ते,*
*बस ऐसे ही नहीं, कुछ लोग नज़ीर हो गए।*
*डिगाया न ईमान कभी चंद पैसों या लालच में,*
*ग़म नहीं ईमानदारी में हम फकीर हो गए।*
*वक्त की तराजू पर जब दोनों तोले गए,*
*वो मेरे बैठने से पहले ही हल्के होने से से उतर गए।*

**— प्रेम प्रकाश उपाध्याय नेचुरल, उत्तराखंड**

# खेती काकड़ी में गुलदार का आतंक जारी बकरी व बछड़े को बनाया निवाला

## गुलदार के डर से बच्चों का स्कूल जाना हुआ बंद, वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग




**चंपावत ।** जिले के बाराकोट ब्लॉक की मऊ ग्राम सभा में तीन दिन पूर्व गुलदार ने एक छात्रा में हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसका उपचार हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। इसी क्षेत्र की ग्राम सभा काकडी में भी गुलदार ने आतंक को मचाया हुआ है। आज शनिवार को ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने बताया गुलदार ने काकड़ी ग्राम सभा में आतंक मचाया हुआ है। कल गुलदार ने काकड़ी में एक बकरी तो खेती में एक बछड़े को अपना निवाला बना दिया है। ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने कहा गुलदार गांव के आसपास ही मंडरा रहा है भगाने के बावजूद गुलदार टस से मस नहीं हो रहा है। उल्टा ग्रामीणों पर हमला करने की कोशिश गुलदार के द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया गुलदार के डर से ग्रामीण बच्चों को स्कूल तक नहीं भेज पा रहे हैं तथा ग्रामीणों के साथ-साथ उनके मवेशियों को भी बड़ा खतरा गुलदार से हो चुका है। कहा ग्रामीण गांव से बाहर तक नहीं जा पा रहे हैं। महिलाओं ने जंगल से चारा पत्ती लाना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा आसपास के गांव में भी गुलदार मंडराता नजर आ रहा है। ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने प्रशासन व वन विभाग से ग्रामीणों को गुलदार के आतंक से मुक्ति दिलाने तथा गांव में पिंजरा लगाने व गस्त करने की मांग की है। उन्होंने बताया गुलदार के भय से उनकी ग्राम सभा व आसपास के गांवो में कर्फ्यू सा माहौल बन चुका है। उन्होंने कहा क्षेत्र के बच्चों को पढ़ने के लिए जीआईसी चोमेल या मऊ जाना पड़ता है पर गुलदार के डर से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

# सीएम धामी का तोहफा 62.33 करोड़ की लागत से चंपावत मे बनेगा सिटी सेंटर

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में जनपद चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-414/2023 के क्रम में रोडवेज स्टेशन चम्पावत में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मल्टीस्टोरी पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स यानी सिटी सेंटर चम्पावत के निर्माण को शासन द्वारा अंतिम मंजूरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 6233.44 लाख (बासठ करोड़ तैंतीस लाख चवालीस हजार रुपये) धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस भव्य सिटी सेंटर के निर्माण कार्य को गति देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रथम किश्त के रूप में 10 प्रतिशत धनराशि अर्थात 623.34 लाख की धनराशि को अवमुक्त कर दिया गया है। यह परियोजना चम्पावत शहर के शहरी ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने के साथ-साथ स्थानीय व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। इस महत्वपूर्ण विकास योजना के संबंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सिटी सेंटर चम्पावत जनपद के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिससे शहर में पार्किंग की समस्या का स्थाई समाधान होगा और एक ही छत के नीचे आधुनिक बाजार की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन करते हुए आवश्यक कार्यवाही जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप इस प्रोजेक्ट को पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि सिटी सेंटर न केवल चम्पावत की सुंदरता बड़ाएगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

# बाराकोट में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाता शौचालय



**चंपावत ।** जिले के बाराकोट मे स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां किस प्रकार से उड़ रही है इसका जीता जाता उदाहरण बाराकोट के पोखरी खाल खेल मैदान मे बना जिला पंचायत का शौचालय है। लोगों का कहना है क्षेत्र में जिला पंचायत की अनदेखी जारी है और जनता से टैक्स वसूली की जा रही है। लोगों ने कहा बाराकोट ब्लॉक मुख्यालय में पोखरीखाल खेल मैदान में बने सार्वजनिक शौचालय के बुरे हाल हैं। जिसके लिए जिला पंचायत जिम्मेदार है। लोगो ने कहा जिला पंचायत क्षेत्र से बराबर टैक्स वसूल करती आई है सुविधा के नाम पर जिला पंचायत से कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है। जबकि जिला पंचायत का कूड़ा वाहन क्षेत्र में हर तीसरे या चौथे दिन कूड़ा निकासी के लिए आता है। कूड़ादान शौचालय के नजदीक है शौचालय की अनदेखी की जाती है। क्षेत्रीय जनता द्वारा शौचालय की सफाई की मांग पर जिला पंचायत के कर्मचारी अपना पल्ला झाड़ जाते हैं जिससे जनता में काफी आक्रोश है। लोगों ने कहा शौचालय की बदहाली व जिला पंचायत की बेरुखी को जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी के सामने रखा जाएगा। कहा जिला पंचायत चंपावत टैक्स वसूली तो समय से करता है लेकिन जनहित की समस्याओं में अपना पल्ला झाड़ता नजर आता है जिसका उदाहरण शौचालय की दुर्दशा से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा जिला पंचायत की कार्य प्रणाली से क्षेत्र में जिला पंचायत के खिलाफ गहरी नाराजगी है।

# एसएचओ लोहाघाट अशोक कुमार बने बेस्ट एम्पलाई ऑफ़ द मंथ एसपी ने किया सम्मानित




**चंपावत।** एसपी चंपावत रेखा यादव की अध्यक्षता में पुलिस लाईन चम्पावत में जनपद चम्पावत के समस्त क्षेत्राधिकारियो/ थाना/ शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की गयी जिसमें सर्वप्रथम पूर्व माह में मासिक अपराध गोष्ठी में दिये गये दिशा-निर्देशों की समीक्षा की गयी। उपस्थित सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों से उनकी निजि, पारिवारिक व अन्य प्रकार की समस्याओं के बारें में जानकारी कर बतायी गयी समस्याओं का समाधान किया गया। तथा विगत माह में अपनी ड्यूटी के दौरान अहम भूमिका निभाये जाने तथा ड्यूटी के दौरान सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रभारी निरीक्षक थाना लोहाघाट अशोक कुमार सिंह को बेस्ट इम्प्लॉय ऑफ द मन्थ बनाया गया व अन्य 04 कर्मियों को एस पी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । एसपी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को वीआईपी ड्यूटी व अन्य सभी प्रकार की ड्यूटियो में कोई लापरवाही नहीं बरतने तथा पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पंचतत्व में विलीन हुई वीरांगना देवकी देवी, रिकेश्वर घाट में हुआ अंतिम संस्कार

## प्रशासन की ओर से एसडीएम पहुंची आवास में शोक संवेदना की व्यक्त



**लोहाघाट।** 19वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स के प्रथम तथा कुमाऊँ क्षेत्र के पहले अशोक चक्र विजेता, जनकांडे के वीर सपूत कैप्टन उमेद सिंह माहरा की वीरांगना धर्मपत्नी श्रीमती देवकी देवी का 86 वर्ष की आयु में उनके निवास हथरंगीया लोहाघाट में आकस्मिक निधन हो गया। देवकी देवी केवल एक वीर सैनिक की जीवनसंगिनी ही नहीं, बल्कि त्याग, साहस और धैर्य की जीवित मिसाल थीं। उन्होंने अपने जीवन को देशभक्ति और परिवार के संस्कारों के साथ जिया, और सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहीं। देवकी देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। देवकी देवी के निधन से लोहाघाट तथा जनकांडे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है। लोगों ने उनके निधन पर दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया है कहा वह एक वीर पत्नी थी।

उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर रिकेश्वर शमशान घाट में किया गया जहां उनके पुत्र भूपेंद्र सिंह मांहरा और दीपक माहरा ने उनकी चिता को मुखाग्नी दी। इससे पूर्व एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर ने उनके आवास में जाकर प्रशासन की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की। अंतिम संस्कार में जिला पंचायत सदस्य अशोक महरा, समाजसेवी रीता गहतोड़ी, गोविंद बोहरा,राजू महरा ,भुवन जोशी , नवीन सिंह,चंद्र किशोर पांडे, शिवराज सिंह तड़ागी , दरबान ढेक, कैलाश मेहता, हेम पुनेठा सहित कई लोगों मौजूद रहे। कहा ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

# शिक्षक कार्मिकों ने कसी कमर पुरानी पेंशन के लिये 26 अप्रैल को चम्पावत में होगी पेंशन जनाक्रोश रैली



**चम्पावत ।** पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक और कार्मिक लामबद्ध हो गये हैं। 17 अप्रैल 2026 को पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जनपदीय अध्यक्ष गोविंद सिंह मेहता की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी के जिला प्रभारी प्रकाश तड़ागी संचालन में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में बैठक आहूत की गई जिसमें आगामी 26 अप्रैल 26 जिले में आहूत होने वाली जनाक्रोश रैली के सन्दर्भ में बिस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पेंशन हर शिक्षक एवं कर्मिकों का संबैधानिक अधिकार है इसके लिए अब जिले के सभी शिक्षक कर्मिकों को संगठित हो कर लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। बैठक में फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन के जनपदीय अध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव जीवन चन्द्र ओली, उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष नगेंद्र जोशी, राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह अधिकारी, उत्तरांचल स्टेट ऑफ प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन चम्पावत के अध्यक्ष उत्तम फर्त्याल, सचिव कीर्ति बल्लव भट्ट, पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के मण्डलीय उपाध्यक्ष कैलाश फर्त्याल, मिंटू सिंह राणा, नरेश चन्द्र जोशी, नवीन सिंह विष्ट, संजय कुमार, गिरिश चन्द्र पाण्डेय, हिमांशु कालोनी, सर्वेश मेहता,किशोर पांगरिया, उमेश जोशी, हरीश जु करिया, कवीन्द्र तड़ागी उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सक्षम अधिकारी का हुआ जोरदार स्वागत

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सक्षम अधिकारी के पहली बार लोहाघाट आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। लोहाघाट डाक बंगला परिसर में हुए स्वागत समारोह में लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी व कांग्रेसी नेताओं के द्वारा सक्षम अधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सक्षम अधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा आज ऐसे ही युवाओं की पार्टी की जरूरत है। उन्होंने कहा सक्षम के जिला अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिली है जिसका लाभ पार्टी को 2027 विधानसभा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने समस्त यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शुभकामनाएं दी तथा जी जान से पार्टी को मजबूत करने के लिए अभी से जुटने का आवाहन किया। कहा यह युवा पार्टी व उनकी ताकत है। वही नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सक्षम अधिकारी ने कहा जो उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है उसका वह पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा तथा सभी युवाओं को साथ लेकर कांग्रेस की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

कहां पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी जिले की दोनों विधानसभा सीट में जीत हासिल करने जा रही है। उन्होंने लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी सहित समस्त कांग्रेसी नेताओं व सहयोगियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस के अन्य निर्वाचित पदाधिकारियो का भी फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पाटी ब्लॉक प्रमुख शंकर अधिकारी,भगीरथ भट्ट, शंकर अधिकारी, एडवोकेट भुवन चौबे, शैलेंद्र राय ,डॉक्टर महेश ढेक, प्रदीप देव,प्रहलाद सिंह अधिकारी, प्रकाश महरा ,कविराज मोनी, अजय बिष्ट, अमर कोटियाल,बल्लू महरा, सभासद खड़क सिंह , मंटू ओली सहित कई कांग्रेसी नेता व युवा मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस पदाधिकारियो का जोरदार स्वागत

**लोहाघाट।** चंपावत जिले में यूथ कांग्रेस के नव निर्वाचित पदाधिकारियो का आज शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंपावत चिराग फर्त्याल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस लोहाघाट रोहन महरा, जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस चम्पावत जीवन सिंह बिष्ट ,युवा कांग्रेस जिला महासचिव चम्पावत सोनम बोहरा, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस लोहाघाट अनिल कुमार ,नगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस लोहाघाट प्रांजल वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस बाराकोट नीरज कालाकोटी का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल ने कहा युवा साथियों में नई ऊर्जा, उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण देखने को मिला। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। एवं कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने सभी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। उन्होंने कहा 2027 विधानसभा चुनाव में युवाओं के सहयोग से कांग्रेस जिले में अपना परचम लहराएगी। इस दौरान कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बंगाली समाज ने फूंका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल का पुतला

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल व कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रुद्रपुर संजयनगर खेड़ा में बंगाली समाज में भारी आक्रोश दिखा। बंगाली समाज ने सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल वॉइस ऑफ उत्तराखंड कांग्रेस नाम के पेज से बंगाली समाज को बंगालदेशी घुसपैठी बोलने और ऊधम सिंह नगर में अवैध तरह से बसाकर उत्तराखंड की डेमोग्रेफी बदलने जैसे पोस्ट पर बगाली समाज में गुस्सा नजर आया उन्होंने गणेश गोदियाल कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर अपना गुस्सा जाहिर किया। बंगाली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह ने कहा बंगाली समाज इसका तराई की बसावट में बहुत अहम योगदान है। जिन्होंने अपनी धर्म आस्था से समझौता न करते हुए अपने ही देश में शरणार्थी होने को विवश होने को मजबूर हुए उधमसिंह नगर व उसके आसपास क्षेत्र में आकर बसे। लेकिन जिस प्रकार से गणेश गोदियाल व कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया एक्टिविटी चलाने वाले पेज गणेश गोदीयाल वॉइस आफ उत्तराखंड कांग्रेस द्वारा की गई शर्मनाक पोस्ट जिसमें बंगाली समाज को घुसपैठिया बताया गया और कहां गया कि उनके बसने से उधम सिंह नगर उत्तराखंड की डेमोग्राफी चेंज हो रही है यह बहुत



निंदनीय और शर्मनाक बयान है इसके लिए कांग्रेस पार्टी गणेश गोदियाल का संजय नगर खेड़ा में पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया गया उन्होंने कहा इस घटिया मानसिकता के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी को बंगाली समाज से माफी मांगनी चाहिए हालांकि गोदियाल ने कहा कि एआई द्वारा बनाया गया फर्जी पोस्ट है लेकिन मेरा प्रश्न यह है कि उसे पेज पर लगातार कांग्रेस पार्टी और उनके गतिविधियों को पोस्ट किया जाना है तो क्यों ना उनके द्वारा उसे पेज संचालन करने वाले खिलाफ एफआईआर की मांग की गई मगर नहीं।

इससे प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं वह पेज संचालित इनके संरक्षण में हो रहा है। कांग्रेस पार्टी उनके प्रदेश अध्यक्ष का यह दोहरा चरित्र दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी बंगाली समाज की कभी हीतैषी नहीं रही है। वही एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बंगाली समाज के उनके प्रमाण पत्र में लिखा जाने वाला पूर्वी पाकिस्तान शब्द को हटाने का कार्य किया गया दूसरी ओर गणेश गोदियाल बंगाली समाज को घुसपैठ बताना कि किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा आने वाले समय में बंगाली समाज इसका मुंहतोड़ जवाब देगा हम इस मुद्दे पर बिल्कुल शांत नहीं बैठेंगे सड़क से लेकर सदन तक प्रदर्शन करेंगे और आगे भी पूरे जिले में गणेश गोदियाल के पुतले दहन का कार्यक्रम जारी रहेगा। जब तक वह इस निंदनीय घटना के लिए माफी नहीं मांगते। इस दौरान पूर्व मंडी चेयरमैन के के दास, रोबिन विश्वास, शिवकुमार राय, सुदीप डे, विशाल शील,अखिल विश्वास, मिंटू जोरदार, अम्ल मंडल, बृजेन्द्र मंडल, अखिल सेन, अजीत गायन, प्रमोद ढाली, नरेश, हँसू विश्वास, विशाल, गणेश मंडल, सुरेश मंडल, विधान, सुधांशु, निधि हलदार आदि लोग मौजूद रहें।

# संघ भवन निर्माण को लेकर बड़ी प्रगति, भूमि निरीक्षण में मिली उपयुक्त जगह


**पौड़ी गढ़वाल, अंकित उनियाल।** उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन, उत्तराखंड जनपद पौड़ी गढ़वाल के अनुरोध पर विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी द्वारा संघ भवन निर्माण हेतु पूर्व में घोषित 25 लाख रुपये की धनराशि के क्रम में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।संघ भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति भदौरिया से पूर्व में वार्ता की गई थी। इस दौरान चिकित्सा विभाग की एक खाली पड़ी भूमि पर भवन निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आज विधायक राजकुमार पोरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. एम. शुक्ला, प्रमुख अधीक्षक एल. डी.



सेमवाल, विभागीय अवर अभियंता आयुष मोहन, संजय नेगी, पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संघ के पदाधिकारी रेवती नंदन डंगवाल, जसपाल रावत, दीपक गोड़ीयाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में प्रस्तावित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें लगभग एक नाली भूमि उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के दौरान भूमि को संघ भवन निर्माण के लिए उपयुक्त माना गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने संघ भवन निर्माण को कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की अपेक्षा जताई। जिला अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल ने कहा कि जनपद पौड़ी गढ़वाल भौगोलिक दृष्टि से बड़ा जनपद है, जिसमें 15 विकास खंड शामिल हैं। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले कर्मचारियों के लिए आवास एवं बैठकों की सुविधा हेतु संघ भवन का निर्माण आवश्यक है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। जिला अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल ने विधायक राजकुमार पोरी, जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भूमि के अधिग्रहण एवं अधिकारांतरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

# समळौण पहल के तहत विवाह पर पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पौड़ी गढ़वाल।** जनपद के विभिन्न विकास खंडों में समळौण पहल के तहत विवाह जैसे शुभ अवसरों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। विकास खंड थलीसैंण के पट्टी ढाईज्यूली अंतर्गत ग्राम लढ्वाड़ी में विवाह के बाद नवदंपति हरेन्द्र और शिवानी ने घर के आंगन में संतरे का समळौण पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल की। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी परिवार द्वारा ली गई। कार्यक्रम का संचालन समळौण सेना की नायिका बीरा देवी ने किया। उन्होंने कहा कि समळौण पहल के तहत हर संस्कार के अवसर पर पौधारोपण से लोगों की भावनाएं जुड़ती हैं और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। साथ ही उन्होंने वनों को आग से बचाने की अपील भी की। इसी क्रम में



विकास खंड पाबो के पट्टी बाली कण्डारस्यूं के ग्राम सैंजी में भी विवाह समारोह के दौरान नवदंपति शुभम और अंबिका ने संतरे का पौधा रोपकर इस पहल को आगे बढ़ाया। पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी परिवार के सदस्य को सौंपी गई।

इस कार्यक्रम का संचालन समळौण सेना की नायिका गीता देवी ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने सभी से इस पहल को अपनाने और वनों के संरक्षण का आह्वान किया। दोनों कार्यक्रमों में समळौण सेना के सदस्यों सहित ग्रामीण, घराती और बाराती उपस्थित रहे। इस दौरान नवदंपतियों द्वारा समळौण सेना को पौधारोपण जैसे कार्यों के लिए प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि भी भेंट की गई। समळौण पहल के माध्यम से जनपद में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का यह प्रयास लगातार सराहना बटोर रहा है।

# गंभीर बीमारी और गरीबी के बीच फंसी युवक की सांसें, बिना आधार-आयुष्मान के इलाज हुआ मुश्किल

**अल्मोड़ा।** जिले के फलसीमा निवासी एक निर्धन परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। 23 वर्षीय कौशल बिष्ट एक ऐसी गंभीर और दुर्लभ बीमारी की चपेट में है। जानकारी के अनुसार इस बीमारी से युवक की आंखों की पलकें तक झपकना बंद हो गई हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार ने अब जन-सामान्य और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई है। कौशल के परिजनों के अनुसार, वह 'लैगोफथाल्मोस' जैसी जटिल स्थिति से जूझ रहा है। इस बीमारी के कारण उसकी आंखें हर समय खुली रहती हैं, जिससे आंखों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही युवक के दिमाग में सूजन है, जिसके चलते उसने बोलना बंद कर दिया है और वह अत्यधिक दुर्बल होता जा रहा है। बताया कि अत्यंत निर्धन होने के बावजूद इस श्रमिक परिवार के पास कौशल का आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है। आधार कार्ड न होने के कारण उसका आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पाया है, जिससे उसे सरकारी मुफ्त इलाज का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कौशल के पिता एक दैनिक श्रमिक हैं और भाई गौरव बिष्ट अल्मोड़ा बाजार में छोटी-मोटी नौकरी कर घर चलाने का प्रयास कर रहे हैं। परिजनों ने स्थानीय स्तर पर और हल्द्वानी में कौशल का इलाज कराया, लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति बेहद जटिल है। उसे किसी उच्च केंद्र (जैसे दिल्ली के एम्स) में ले जाने की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति आड़े आने के कारण परिजन उसे वापस अल्मोड़ा बेस अस्पताल ले आए हैं। कौशल के भाई गौरव बिष्ट ने समाज के संपन्न लोगों और जनप्रतिनिधियों से आर्थिक सहयोग और मार्गदर्शन की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि थोड़ी भी आर्थिक मदद मिल जाए, तो वे अपने भाई को बड़े अस्पताल ले जा सकेंगे।

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अल्मोड़ा।** अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों की स्थिति का क्रमवार परीक्षण किया गया और संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण प्रशासन की जवाबदेही का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरती जाए और प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई का स्पष्ट विवरण पोर्टल पर दर्ज किया जाए। जिन मामलों में विलंब हो रहा है, उनके कारणों की समीक्षा कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता करने के लिए भी कहा गया। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शगुन मुरारी ने आईबीपीएस क्लर्क यूनियन बैंक परीक्षा में हासिल किया पहला स्थान



**लोहाघाट।** के होनहार छात्र शगुन मुरारी पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र मुरारी एवं श्रीमती कुसुम मुरारी निवासी किमौटा, कर्णकरायत हाल निवासी प्रेम नगर आईबीपीएस क्लर्क यूनियन बैंक की ऑल इंडिया में 34 वां स्थान एवं उत्तराखंड में प्रथम स्थान हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। शगुन की माताजी कुसुम मुरारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज काकड़ में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। शगुन बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के है। शगुन ने अपनी प्रारंभिक परीक्षा हाईस्कूल तक होलीविजडम , इंटरमीडिएट इंस्पिरेशन हल्द्वानी तथा बीटेक पंतनगर यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण कर आईबीपीएस पी.ओ.(बैंक ऑफ़ बड़ोदा, और एसबीआई- क्लर्क की परीक्षा भी हाल में उत्तीर्ण की है। शगुन की इस सफलता पर क्षेत्र वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। राज्य आंदोलनकारी राजू गढ़कोटी ने शगुन की शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा आप निरंतर प्रगति करते हुए युवाओं के मार्गदर्शक बनकर हम सब का मान बढ़ाएंगे।

# सीबीएसई कक्षा 10 परिणामः रमणिका जोशी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**हल्द्वानी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, काठगोदाम की मेधावी छात्रा रमणिका जोशी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रमणिका ने कुल 500 में से 490 अंक अर्जित किए। विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने अंग्रेज़ी में शत-प्रतिशत 100 अंक, सामाजिक विज्ञान में 99 अंक तथा अतिरिक्त विषय इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 अंक प्राप्त किए। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। रमणिका के पिता मनमोहन जोशी, जो स्वयं इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता हैं, तथा माता श्रीमती नीलम जोशी, जो निर्मला कॉन्वेंट विद्यालय में अध्यापिका हैं, बेटी की इस सफलता से अत्यंत प्रसन्न हैं। रमणिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, शिक्षकों तथा दादा-दादी, माता-पिता एवं अन्य परिजनों के मार्गदर्शन को दिया। भविष्य की योजनाओं के बारे में उन्होंने बताया कि वह सिविल सेवाओं में जाकर समाज, विशेष रूप से जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना चाहती हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक दीपक बलूटिया, डॉ. गीतिका बलूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर एवं उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रमणिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।